## कार्यपत्र-2

**1. सही उत्तर के आगे ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े न हों, उसे कहते हैं– (ii) वर्ण ✓

(ख) इनमें ह्रस्व स्वर है– (iii) उ ✓

(ग) इनमें से अल्पप्राण व्यंजन कौन-सा है? (ii) ग ✓

(घ) किसी शब्द के उच्चारण में अक्षर पर बल देने को कहते हैं? (i) बलाघात ✓

(ङ) इनमें नासिक्य व्यंजन कौन-सा है? (iii) ञ ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) अयोगवाह का अर्थ है जो योग न होने पर भी साथ रहे। 'अं' और 'अः' दोनों ध्वनियों में (ं) और (:) को 'अ' के साथ जोड़कर लिखा जाता है। ये न स्वर हैं न व्यंजन। इन्हें अयोगवाह कहते हैं।

(ख) (i) अनुस्वार एक नासिक ध्वनि है। इसका प्रयोग वर्णों के ऊपर बिंदु के रूप में होता है। जैसे– गंगा, कंघा आदि।

अनुनासिक का उच्चारण करते समय हवा मुँह और नाक से निकलती है। इसका प्रयोग वर्णों के ऊपर चंद्रबिंदु के रूप में होता है। जैसे– चाँद, आँख आदि।

(ii) सघोष वर्णों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों से वायु टकराकर बाहर आती है। प्रत्येक वर्ग का तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम वर्ण, अंतस्थ और ऊष्म व्यंजन सघोष व्यंजन होते हैं। अघोष व्यंजनों के उच्चारण में स्वरतंत्रियाँ दूर-दूर रहती हैं। प्रत्येक वर्ग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ग और ऊष्म व्यंजन के श, ष, स वर्ण अघोष व्यंजन होते हैं।

(ग) जिन व्यंजनों के उच्चारण में श्वास वायु अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में निकलती है, वे व्यंजन महाप्राण कहलाते हैं। प्रत्येक वर्ग का द्वितीय, चतुर्थ और ऊष्म व्यंजन महाप्राण हैं। जैसे– ख, घ, छ, झ, ढ, ढ़, थ, ध, फ, भ, श, ष, स, ह।

**3. निम्नलिखित उच्चारण स्थानों से बोले जाने वाले व्यंजन लिखिए।**

(क) ओष्ठ्य — प, फ, ब, भ, म

(ख) दंत्य — त, थ, द्, ध

(ग) वर्त्स्य — न, र, ल, स, ज़

(घ) तालव्य — च, छ, ज, झ, ञ, य, श

(ङ) पूर्व तालव्य — ट, ठ, ड, ढ, ण, ड़, ढ़

**4. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।**

(क) परिक्रमा — प् + अ + र् + इ + क् + र् + अ + म् + आ

(ख) विद्यार्थी — व् + इ + द् + य् + आ + र् + थ् + ई

(ग) प्रायोगिक — प् + र् + आ + य् + ओ + ग् + इ + क् + अ

(घ) चक्रधर — च् + अ + क् + र् + अ + ध् + अ + र् + अ

(ङ) वैज्ञानिक — व् + ऐ + ज् + ञ + आ + न् + इ + क् + अ

(च) अनुसंधान — अ + न् + उ + स् + न् + अ + ध् + आ + न् + अ

(छ) प्रत्यक्ष — प् + र् + अ + त् + य् + आ + क् + ष् + अ

(ज) शैक्षणिक — श् + ए + क् + ष् + अ + ण् + इ + क् + अ

(झ) सात्विक स् + आ + त् + व् + इ + क् + अ

(ञ) पृष्ठभूमि प् + ऋ + ष् + ठ् + अ + भ् + ऊ + म् + इ

**5. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | परतिज्ञा | प्रतिज्ञा | (ख) | ग्यापन | ज्ञापन |
| (ग) | छमा | क्षमा | (घ) | प्रनाम | प्रणाम |
| (ङ) | निरीक्षन | निरीक्षण | (च) | आकर्मन | आक्रमण |
| (छ) | ग्रहसथ | गृहस्थ | (ज) | परिवारीक | पारिवारिक |